### 37वां प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक कल

# विभिन्न राज्यों के कृषि वैज्ञानिक लेंगे भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 37 वां प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक 14 जून को होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे। परिषद् की इस बैठक के विशेषज्ञ डॉ पितांबर सवैन, प्राध्यापक एवं प्रधान, पशुपालन एवं पशु प्रसार शिक्षा विभाग, उड़ीसा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर एवं डॉ डीएस राठौर, पुर्व कुलपति, सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा डॉ एके सिंह, निदेशक, आईसीएआर-अटारी, पटना होंगे। विवि के कृषि संकाय परिसर स्थित आरएसी ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 बजे से उद्घाटन समारोह रखा गया है। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों में कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के प्रभारी/प्रधान द्वारा वर्ष 2022-23 की प्रसार शिक्षा उपलब्धियों तथा वर्ष 2023-24 की भावी प्रसार शिक्षा के कार्यक्रमों पर की रणनीति प्रस्तुत किया जायेगा। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव द्वारा वर्ष 2022-23 में समग्र प्रसार शिक्षा उपलब्धियों तथा निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह द्वारा कृषि एवं संबद्ध विषयों के नवीन अनुसंधान एवं प्रसार शिक्षा की दिशा पर मंतव्य प्रस्तुत की जाएगी। विभागाध्यक्ष सामुदायिक विज्ञान डॉ रेखा सिन्हा द्वारा 36 वां प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक का कारवाई प्रतिवेदन तथा विभागाध्यक्ष, कृषि प्रसार एवं कम्युनिकेशन विभाग डॉ निभा बाड़ा द्वारा मेगा परियोजना फार्मर्स फर्स्ट प्रोग्राम की गतिविधियों की उपलब्धि प्रस्तुत किया जायेगा। बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक में वर्ष 2022-23 की प्रसार शिक्षा उपलब्धियों की समीक्षा एवं मूल्यांकन तथा वर्ष 2023-24 की भावी प्रसार शिक्षा कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा के उपरांत कार्यक्रमों रणनीति तय की जाएगी।

# साहिबगंज में कृषि विभाग के चौकीदार की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**
जिला अनुमंडल कृषि विभाग के चौकीदार संतोष मोदी की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। डॉक्टर के अनुसार चौकीदार को 4 गोली लगी थी। चौकीदार अनुकंपा पर अपनी सेवा देता था। इसके पूर्व भी इसके पिता चौकीदार थे और और असामयिक मृत्यु हो जाने की वजह से उनकी जगह पर नौकरी लगी थी। 45 वर्षीय चौकीदार बिहार के सहरसा का रहने वाला था। उसका भाई अरविंद मोदी भी साथ में क्वार्टर में रहता है। बताया जाता है कि चौकीदार सब्जी लेकर घर वापस आ रहा था। कृषि विभाग के ठीक सामने मुख्य सड़क पर अपराधियों ने उसे गोली मारी। सड़क पर चौकीदार को खून से लथपथ देखकर अपराधी भाग गए। इधर स्थानीय लोगों ने जिरवाबाड़ी थाना को इसकी सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट चुकी है। परिजनों के द्वारा घायल संतोष को जिला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज करने के दौरान उसकी मौत हो गई।चौकीदार का शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। सुबह करीब 10:00 बजे के आसपास पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा जाएगा। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन में जुट चुकी है। मर्डर की वजह और अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि संतोष मोदी अपने बाल बच्चा के साथ कृषि विभाग के कैंपस में रहता था।

### गो सेवा से जीवन तर जाएगा : गोपालमणि जी

**रातू।** गो सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं, गो माता की सेवा से जीवन तर जाएगा। यह बात उत्तराखंड के देहरादून से आए गोपालमणि जी महाराज ने श्रीराम कथा सह लक्ष्मी नारायण यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि जब राम नाम से समुद्र में पत्थर तैर सकता है तो हमारा जीवन भी राम नाम से ही धन्य होगा। गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए हम दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। श्रीराम कथा के अंत में हनुमान चालीसा और महाआरती की गई। श्रीराम कथा यज्ञ समिति के सदस्यों को महाराज जी द्वारा सम्मानित किया गया। महाआरती के बाद महाभंडारा हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर, श्रीराम कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आज वेदी पूजन और अग्नि स्थापना की गई। वहीं सुबह से ही श्रद्धालुओं के बीच परिक्रमा को लेकर उत्साह देखा गया।

### पत्नी ने की पति के खिलाफ थाने में प्राथमिकी

**मांडर।** मांडर थाने में 28 वर्षीय ललिता देवी के आवेदन पर उसके पति भोला साव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। उसने आवेदन में अपने पति पर शादी के डेढ़ साल बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करने के कारण न्यायालय की शरण में जाने के बाद समझौता किए जाने के बाद फिर से पति द्वारा प्रताड़ित करने की बात बताई है।ललिता देवी सात वर्षीय बच्ची की माँ है और कुछ माह पूर्व डेढ़ माह की गर्भवती भी थी जिसे उसके पति ने गैस सिलेंडर के पाइप में माचीश मार जला कर जान मारने की धमकी देकर गर्भपात की दवा जबरन खाने पर मजबूर कर दिया।दवा खाने के बाद तबियत बिगड़ने पर उसे प्रताड़ित किया गया।मजबूर होकर मांडर थाने में उसने आवेदन देकर दहेज, जबरन गर्भपात एवं मानसिक प्रताड़ना का आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी,जिसपर मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अगली कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसा में एक घायल, रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो साईं मंदिर मार्ग पर मंगलवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे हरिहरपुर जामटोली बैर टोली गांव के कच्चा छापर पुल के समीप समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गोविंदपुर लापुंग गांव निवासी 49 वर्षीय नेसार अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा प्रियंका ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल के स्वजनों ने बताया कि वह गड़गांव इटकी आया था। साथ ही अपना घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान बैर टोली गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गिर कर गंभीर रूप घायल हो गए। वहीं। इस हादसे में घायल व्यक्ति का दाहिना पैर घुटना से अलग हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई जितेंद्र प्रसाद यादव पहुंचे और घटना की जानकारी लिया।

# उपायुक्त ने जगन्नाथपुर रथ मेला को लेकर की बैठक, दिये कई निर्देश



नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जगन्नाथपुर रथ मेला को लेकर बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने सभी समितियों के सदस्यों से मेले के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। समिति के सदस्यों ने अपनी आवश्यकताओं के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया । मेले के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों से विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। इनमें मेले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांच मुखी मुहाने पर वाच टावर लगाने एवं माइक लाइट की व्यवस्था करने, मेले में पेयजल की व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग करने, बिजली-जेनरेटर की व्यवस्था करने, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रथ यात्रा के मार्ग पर मिट्टी- स्टोन डस्ट डालने, मेला परिसर में साफ सफाई रखने, मांस मछली एवं शराब के विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाने, प्रशासनिक शिविर और मीडिया शिविर बनाने, जगरन्नाथ मंदिर एवं मौसीबाड़ी तक सुरक्षा बलों को तैनात करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने सहित अन्य निर्देश शामिल है। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### भाजपा नेता ने पद्मश्री सिमोन उरांव से की मुलाकात, स्वास्थ्य की जानकारी ली



**बेड़ो।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने मंगलवार को बेड़ो स्थित आवास में पद्मश्री सिमोन उरांव से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। उन्होंने उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि वे पूर्व से लकवाग्रस्त हैं । इस संबंध में उन्होंने बेड़ो के बीडीओ डा प्रवीण कुमार से उनके स्वास्थ्य के संबंध में बातचीत किया। साथ ही चिकित्सा कराने की बात कही। वहीं बीडीओ ने इसे संज्ञान में लेते हुए अशेष बारला को बताया कि सिविल सर्जन से चर्चा कर पद्मश्री की उचित चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी । प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने कहा कि ऐसे सम्मानित व्यक्तित्व को राज्य सरकार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यह राज्य सरकार की जिम्मेवारी होती है । सिमोन उरांव गत सात महीने से ज्यादा समय से बीमार चल रहे हैं । उन्होंने राज्य सरकार से उनके उचित चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराने की गुहार लगाई।

# केन्द्र का पैसा झारखंड में नहीं हो रहा खर्च : वसुंधरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ देवघर**
भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड के भ्रष्टाचार की चर्चा पूरे देश में है। झारखंड में लगातार अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाली विकास की राशि झारखंड सरकार खर्च नहीं कर पा रही है। केंद्र की योजनाओं पर झारखंड सरकार बाधा डाल रही है। वसुंधरा मंगलवार को देवघर में मोदी सरकार के नौ साल के उपलक्ष्य में आयोजित महा जन सम्पर्क अभियान में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के नेतृत्व में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र विकास के मामले में मॉडल बना है। गोड्डा में जिस तरह से विकास के काम हुए हैं, मुझे नहीं लगता है यहां आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी लेकिन झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट इस बार भाजपा की झोली में दिलाने का काम कार्यकर्ता करेंगे। वे उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एक ऐसी सरकार बनानी है, जो खुद का नहीं, देश का विकास करे, जो खुद का नहीं, लोगों का पेट भरे, जो खुद के लिए नहीं, देश की जनता के लिए सोचे, जो खुद का नहीं, देश का भला करे और ये सिर्फ.नरेन्द्र मोदी की एनडीए सरकार ही कर सकती है। साथ ही कहा कि नरेन्द्र मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की चर्चा देश में ही नहीं विदेशों में भी हो रही है। वसुंधरा ने कहा कि जनधन, उज्ज्वला, कोरोना में बिना वक्त गंवाये देशव्यापी लॉकडाउन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, पीएम किसान समृद्धि, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल क्रांति, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा, प्रधानमंत्री आवास,जीएसटी, तीन तलाक की समाप्ति, सर्जिकल व एयर स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का अदालती फैसला भी मोदी की बड़ी उपलब्धियां हैं। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आयी राजस्थान की पूर्व सीएम देवघर में जनसभा करने के बाद दुमका और गिरिडीह में भी जनसभा करेंगी।

# पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
प्रखण्ड के कोंचो पंचायत के जोबला टुंगरी धार टोला में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह , प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, मुखिया सोमबारी देवी एवं पंसस भीम महतो ने संयुक्त रूप से किया। 400 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य विधायक मद की राशि से किया जाना है। इस अवसर जयपाल सिंह ने कहा कि बरसात के समय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने संबेदक को बरसात से पूर्व कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, परीक्षित महतो, अधीर महतो, सुबेन कोइरी सोमबारी देवी मुखिया, आरती देवी, वार्ड सदस्य स्वर्णो कुमारी, आरती देवी देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### लाभुकों के बीच बत्तख व चूजा का किया गया वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वितिय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत बत्तख चुजा का वितरण किया गया। योजना में 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान है शेष 10 प्रतिशत लाभुक से अंशदान लिया गया। वितरण पशुपालन पदाधिकारी डा संजय उरांव के देखरेख में प्रमुख विनिता कच्छप मुखिया नीरज कुजूर, जतरू उरांव पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, तेजु दास ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नीरज कुजुर कहा कि राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारी दूर करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने लिए यह योजना लागू किया गया है। इस योजना का स्थानीय लाभुक अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है।बतख पालन आमदनी का बेहतर साधन है। बतख पालन कर लोग आत्मनिर्भर बन सकते है। मौके पर पशुधन मित्र बिरसा उरांव,रामु मुंडा,टीआरआईएफ लक्ष्मी कुमारी, पिंकी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**आस्था** श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का हुआ आयोजन

# बजरंगबली की जय-जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 54 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को लाल गेंदा फूल से श्रृंगार करके रजनीगंधा लाल गुलाब की माला पहनाई गई थी। इस अवसर पर हनुमान जी महाराज को केसरिया पेड़ा गुड़ चना आमफल आदि का भोग अर्पित किया गया। पिंटू वर्णवाल स्वीटी बरनवाल याना यूबी कृष कृत येनी ईशु व अदिति वर्णवाल ने संयुक्त रूप से महाबली बजरंगबली की अखंड पावन दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलित कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत रूप से संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी ने आमफल प्रसाद सेवा निवेदित की। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एकल सुरताल के 15 कलाकार वृंद भक्तजनों द्वारा श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का पाठ संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। ढोलक ढपली झांझ कड़ताल ऑर्गन के संगीत व पाठ में उपस्थित सैकड़ों भक्तजन झूम रहे थे। मंदिर में उपस्थित पाठ कर रहे भक्तजन हनुमान जी की आराधना में लीन थे। महाबली बजरंगबली की जय जयकार से मंदिर व हरमू रोड गूंज रहा था। एकल सुरताल के 15 भक्तों ने नए ढंग से श्री सुंदरकांड का भक्तिमय वातावरण में पाठ किया तथा करवाया। पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके यजमान बरनवाल परिवार ने महाआरती की। इसके बाद भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जी महाराज सभी भक्तों पर अपना आशीष बरसा रहे थे। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू श्याम सुंदर जोशी अनिल नारनौली रतन शर्मा रमेश धरणीधरका उपस्थित थे।


**आज एकादशी संकीर्तन**

योगिनी एकादशी के अवसर पर बुधवार 14 जून को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9:30 बजे से एकादशी कीर्तन होगा। विशेष शृंगार किया जाएगा। स्वदेश भगत शशी भगत हितेश भगत आकांक्षा भगत परिवार के साथ श्याम बाबा की ज्योति प्रज्वलित करेंगे । अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों को आमंत्रित किया है।

### केन्द्र सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है : अनिता यादव

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के बयान पर प्रदेश राजद की उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि जिसके घर शीशे के हों, उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। भाजपा शासित राज्यों के अलावा केंद्र में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन पीएम मौन हैं। गुजरात के मोराबी में पुल गिरने से सैकड़ों लोगों की मौत हो गयी, लेकिन मुख्यमंत्री को दोषी नहीं कहा गया। यूपी में निमार्णाधीन कई ब्रिज गिर गए, जिससे सैकड़ों लोगों की जान गई, तब पीएम ने यूपी के मुख्यमंत्री को दोषी क्यों नहीं कहा? कर्नाटक में भाजपा विधायक के पुत्र के यहां से अरबों रुपए काला धन बरामद हुए, उस पर भी पीएम ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि पुलवामा में सैनिकों की हत्या हुई, जिस पर भाजपा ने वोट बटोरे। पर आज तक अपराधी पकड़े नहीं गये। गुजरात में अदानी के पोर्ट पर अरबों रुपए के ड्रग्स पकड़े गए, पर आज तक अपराधी कौन है, उसका खुलासा नहीं हुआ। कभी इस पर भी पीएम को बयान देना चाहिए।

# सीडब्ल्यूसी और पुलिस की टीम ने किशोरी समेत पांच का किया रेस्क्यू



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर चलाये गये रेस्क्यू आपरेशन में एक किशोरी समेत पांच को श्रम से बचाया गया। पांचों को चाइल्डलाइन दुमका के बाल कल्याण समिति की बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समिति ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद इनमें से दो बालकों को उनके परिजनों को सौंप दिया। जबकि एक किशोरी औ? दो बालकों को बालगृह में आवासित कर दिया है। विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर दुमका बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के चेयरपर्सन डॉ। अमरेंद्र कुमार, सदस्य डॉ। राज कुमार उपाध्याय, श्रम अधीक्षक मो। अकीक और इनसे जुड़ें अन्य संस्थाओं के सदस्यों के साथ नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार, महिला थाना प्रभारी श्वेता कुमारी ने दुमका रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में जांच अभियान चलाया।चाइल्डलाइन दुमका को मिली सूचना के आधार पर सोनुआ डगाल इलाके के संथाली टोला के एक घर से छह वर्षों से घरेलू नौकरानी के तौर पर काम कर रही एक 14 वर्षीय किशोरी को रेस्क्यू किया गया। इसके बाद दुमका-पाकुड़ मार्ग पर कन्वेंशन सेंटर के पास स्थित भादो होटल में 12 और 13 साल के दो बालक प्लेट धोते पाये गए। जिनका रेस्क्यू किया गया। यहीं पर 14 वर्ष से कम आयु के दो बालक ईंट ढोते पाये गये, उन दोनों का भी रेस्क्यू किया गया। बाद में किशोरी और चारों बालकों का बयान दर्ज किया गया। अपने बयान में कड़हलबिल इलाके में रहने वाले बालक के पिता ने बताया कि उसके बीमार होने पर उसकी जगह उसका बेटा पिछले 10 दिनों से होटल में काम कर रहा था। दूसरे बालक ने बताया कि उससे होटल में रात 10 बजे तक काम करवाया जाता था और दिन के बाद सीधे रात के 10 बजे खाना दिया जाता था। ईंट ढोने का काम करने वाले दोनों बालकों ने बताया कि वे सुबह 09 बजे से शाम 4।30 बजे तक काम करते थे। इसके एवज में उन्हें 400 रुपये की दर से मजदूरी मिलती थी।जिस किशोरी को मुक्त कराया गया वह मूल रूप से काठीकुण्ड की रहनेवाली है। किशोरी ने अपने बयान में बताया कि एक शिक्षक उसे पढ़ाने के नाम पर उसके घर से 2017 में लेकर आये थे।

### रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का किया आयोजन

# पीएम के 9 वर्ष के कार्यकाल में देश का तेजी से विकास हुआ है : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया । सम्मेलन की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी एवं संचालन किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी कुशवाहा ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद राम ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मंजुलता दुबे उपस्थित हुए। सभी वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्जवलित कर व महापुरुषों के तस्वीर पर माल्यार्पण सम्मेलन की विधिवत शुरूआत की। सम्मेलन में सभी मंच एवं मोर्चे की उपस्थिति और वृत्त लेते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने केंद्र द्वारा उपलब्ध करवाए गए मोबाइल नंबर 9090902024 पर ज्यादा से ज्यादा मिस कॉल करवाने का आग्रह किया। जबकि सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए कहा की वे खनिज ,बालू के साथ धोती साड़ी के नाम से भी जनता का पैसा लूट लेते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के पिछले 9 वर्ष सेवा सुशासन और जनकल्याण से भरे हुए दिखाई देते है। सांसद श्री सिन्हा ने अपने कार्यकाल में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास की दो अहम उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा की ये भूत और भविष्य के लिए एक मिल का पत्थर है। कहा की यूरोप और चीन को पीछे छोड़ते हुए हमने कोडरमा से रांची तक मात्र तीन सौ करोड़ रुपए निवेश कर दो सौ किलोमीटर की नई लाइन बिछाने का काम किया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है । कहा की इसी लाइन पर देश के स्वनिर्मित वंदे भारत ट्रेन का सफलतापूर्वक टेस्ट रन संपन्न हुआ। जिसका अब परिचालन भी सुचारू रूप से हो सकेगा। कहा की पिछली सरकारों की अनदेखी के कारण जर्जर हालत में पहुंच चुके पतरातु स्थिति एनटीपीसी प्लांट का जिक्र करते हुए कहा की आज विपक्षी भी भाजपा की इच्छाशक्ति का लोहा मान रहे हैं । सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की हम जर्जर हालत में जा चुके पावर प्लांट में अपनी दूरदृष्टि से चालीस हजार करोड़ का निवेश कर चार हजार मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाला देश का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करने में सफल हुए। विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजुलता दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश की गरीब महिलाओं को साढ़े तीन लाख का घर बनाकर उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं, रांची से चलकर आई बबिता सिन्हा एवं प्रियांशु सिन्हा का जयंत सिन्हा ने स्वागत कर उनको पार्टी में शामिल किया। भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, नारायण चंद्र भौमिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी, इलारानी पाठक, महामंत्री खिरोधर साहू,रंजन फौजी, वसुध तिवारी, दिलीप सिंह,राजीव पमदत्त, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण कुमार सोनू, विजय जायसवाल, रोबिन गुप्ता, रमेश, दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, किसान मोर्चा के मणिशंकर ठाकुर, बबिता सिन्हा, दीप सिन्हा, कुमेल उरांव, नमेंद चंचल, सैय्यद किरमानी, अवितेष सिंह, प्रियांशु सिन्हा, शंभू लाल ठाकुर, प्रिया करमाली,पूनम टोप्पो, नीलम कुमारी, ज्योति मानसाता, चंदन रंजनी, रेखा देवी,सुधा देवी, उठानी देवी, लाली कुमारी, रीति श्रीवास्तव, अमिता सोनी, बबिता सिन्हा, रूप देवी, बबिता सिन्हा, दीनबंधु पोद्दार , ब्रजेश पाठक आदि उपस्थित थे।



# एजेंसी के को-ऑर्डिनेटर समेत 244 लोगों पर एफआईआर

### छत्तीसगढ़ की एजेंसी सुमित फैसिलिटी पर गिरिडीह में 1.21 करोड़ रुपए गबन का केस




नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह की पूर्व शराब एजेंसी सुमित फैसिलिटी छत्तीसगढ़ के को-ऑर्डिनेटर सहित 244 लोगों पर 1.21 करोड़ गबन का केस दर्ज हुआ है। इसमें सुमित फेसिलिटी के को-ऑर्डिनेटर पिंटू गुप्ता, 81 शराब दुकानों के 243 सेल्समैन और दुकान इंचार्ज शामिल हैं। गिरिडीह उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जॉय हेंब्रम ने जिले के संबंधित थानों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने कहा कि डीसी के निर्देश पर पहले मामले की जांच की गई। पता चला कि साजिश के तहत छत्तीसगढ़ की आउटसोर्सिंग एजेंसी सुमित फेसिलिटी व सेल्समैन ने साठगांठ कर शराब बिक्री की राशि का गबन किया है। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शराब बिक्री की पूरी राशि हर दिन एटीएम, पेटीएम अथवा एसआईएस के माध्यम से सरकार के खाते में जमा करने का प्रावधान है, पर दुकान प्रभारी ने किसी भी दिन पूरी राशि जमा नहीं की। अंत में अवधि खत्म हो गई और 1.21 करोड़ रुपए लेकर फरार हो गया। गिरिडीह में शराब दुकानों को चलाने की जिम्मेवारी सुमित फैसिलिटी को मिली थी। एजेंसी ने 81 शराब दुकानों में प्रति दुकान 2 सेल्समैन व 1 इंचार्ज की नियुक्ति की। इसमें सेल्समैन का मानदेय प्रतिमाह 10 हजार व इंचार्ज का 12 हजार रु. था। पर, एजेंसी कर्मियों को मानदेय नहीं दे रही थी। आर्थिक स्थिति खराब हुई तो शराब बिक्री की राशि से ही सेल्समैन व इंचार्ज पैसे लेने लगे। 31 मार्च 23 को काम खत्म होने के बाद भी पैसे जमा नहीं किए।

## गैराज मिस्त्री के खाते से दो लाख से ज्यादा की फर्जी निकासी

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा स्थित गैराज में काम करने वाले एक मिस्त्री मो. रफीक के एसबीआई बैंक खाते से 2 लाख 70 हजार रुपए फर्जी निकासी का मामला सामने आया है। खाता अपडेट कराने बैंक जाने पर उसे पता चला कि खाते में जमा रकम किसी ने उड़ा लिए हैं। 2 लाख 70 हजार में से उसके खाते में सिर्फ 60 रुपए बचे हैं। मामले की शिकायत उन्होंने साइबर सेल में की है। भुक्तभोगी रफीक के अनुसार वह कथारा एक नंबर में अपनी दो बेटी, एक बेटा और पत्नी के साथ रहता है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए उसने कथारा स्थित एसबीआई बैंक में उपरोक्त रकम जमा किया था। रकम जमा करने के बाद वह बैंक नहीं गया। विगत माह 16 मई को खाता अपडेट कराने बैंक जाने पर रकम निकासी की जानकारी मिली। पूछताछ करने पर बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उसके खाते से दिसंबर 2022 से 10 मई 2023 के बीच दस-दस हजार रुपए अलग-अलग तारीख में निकासी की गई। उसने फर्जी निकासी की जानकारी बैंक मैनेजर को भी दी। मैनेजर ने मामले की शिकायत एसबीआई के हेड ऑफिस में की है। भुक्तभोगी ने बोकारो थर्मल थाना में फर्जीवाड़ा की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत की कॉपी बोकारो साइबर सेल में भेज दी गई है। अभी तक उसे रकम वापसी की जानकारी नहीं मिली है।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 75 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

### टाउन हॉल में हुआ समारोह, पहुंचे सांसद-विधायक सहित नियोजक व आवेदक




नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** न्यू टाउन हॉल में मंगलवार 13 जून को केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री मुख्य 75 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस मौके पर सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा सहित कई अधिकारी मौजूद थे। युवाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रोजगार मेला में एक बार फिर हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्होंने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि स्थानीय नीति को लेकर यहां के लोगों और युवाओं को आपस में लड़ाने का काम किया जा रहा है। युवाओं को रोड पर लाकर खड़ा कर दिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों समेत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। वित्त, डाक विभाग, स्कूल, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, रक्षा मंत्रालय, राजस्व, स्वास्थ्य मंत्रालय एवं परिवार कल्याण, गृह मंत्रालय समेत कई विभागों में नई भर्ती की गई है। इन्हीं युवाओं को आज पीएम मोदी ने नियुक्ति पत्र सौपा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशभर में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने सभी युवाओं के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधित भी किया। इस दौरान देशभर में 43 जगहों पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया। पीएम मोदी ने पिछले वर्ष 22 अक्तूबर को लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के अभियान की शुरूआत की थी। अब तक कई चरणों में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं।

## शादी समारोह में जा रहा वाहन नदी में गिरा दर्जनों घायल

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन थाना क्षेत्र के जयनगर में 12 जून की देररात शादी समारोह में जा रहा एक टाटा विंगर वाहन नदी में पलट गया। हादसे में दर्जनों लोग घायल हो गए। सड़क खराब होने के कारण यह हादसा हुआ, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई और सभी सवार घायल हो गए। हालांकि नदी में कम पानी होने के कारण बड़ी घटना टल गई। इस खबर पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को नदी से बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी पीरटांड़ पहुंचाया। लेकिन यहां डॉक्टर नहीं रहने से घायलों का मुक्कमल इलाज नहीं हो पाया। हालांकि आंशिक रुप से घायलों का जैसे- तैसे इलाज किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल छह लोगों को गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में दिनेश महतो, किरण कुमारी, चिंता देवी, रोहिणी देवी, सावित्री देवी, पूजा देवी, प्यासी देवी, सावित्री देवी, पंकज महतो, नेहा कुमारी, अर्जुन कुमार, कृष्णा कुमार, घायल हैं।

# विशेष कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड कार्यालय में 13 जून को बीडीओ कपिल कुमार ने पंचायत के मुखिया व कर्मचारियों के साथ बैठक किया। बीडीओ ने कहा कि सभी जरूरतमंद लोगों का पंचायत स्तर पर विशेष कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पंचायतों में प्रचार प्रसार किया जाना है. पूरे प्रखंड में तीस हजार नया आयुष्मान कार्ड बनाना है। वहीं पंचायत स्तर पर स्थानीय प्रज्ञा केंद्रों में भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। बरसात के पूर्व पंचायतों में सभी कच्चे कार्यों को पूर्ण कर लेना है और इसकी सूचना प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना है। इसी प्रकार बिरसा हरित कूप सिंचाई योजना के तहत पंचायतों में अविलंब इसकी स्वीकृति करके निर्माण करना है। वहीं लंबित प्रधानमंत्री आवास को अविलंब पूर्ण करना है। इसी प्रकार अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ पवन कुमार गुप्ता, संतोष पंडित, मुखिया रियाज अंसारी, बलराम रजक आदि उपस्थित थे।

## लापता मां को ढूंढने की बच्चों ने लगाई गुहार

**गिरिडीह।** लोकाय थाना क्षेत्र अंतर्गत दानोखुट्टा गांव के जगदीश राय की 45 वषीर्या पत्नी रीना देवी दो सप्ताह से लापता है. जिसे ढूंढने के लिए उनके बच्चे दर-दर भटक रहे हैं. रीना देवी के पुत्र संदीप राय ने बताया कि उनके पिता जगदीश राय चेन्नई में मजदूरी करते हैं. बीते 1जून को उनकी मां बिना कुछ बताये घर से चली गई. रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चला. उनके पुत्र संदीप राय ने लोकाय थाने में 7 जून को गुमशुदगी की रपट भी लिखवाई. महिला पूर्व में भी बिना कुछ कहे कहीं चली गई थी, लेकिन चार-पांच दिन बाद स्वयं वापस आ गई थी. फिलहाल गायब महिला के चारों बच्चों ने पुलिस से अपनी मां को जल्द ढूंढ़ने की गुहार लगाई है. माले नेता जयनारायण यादव और मुन्ना गुप्ता ने भी 13 जून को पुलिस इंस्पेक्टर से मिलकर लापता महिला की खोजबीन का आग्रह किया है.

## यौन शोषण करने के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**चाईबासा।** गुवा थाना क्षेत्र के 15 वर्षीय नाबालिग के साथ यौन शोषण करने वाले अनिल गोप को गुवा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर चाईबासा जेल भेज दिया है। इस संबंध में गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि रोवाम गांव के रहने वाले गणेश गोप ने गुरुवार को गुवा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर कहा था कि उनकी 15 वर्षीय बेटी के साथ रोवाम गांव के ही रहने वाले अनिल गोप शादी का झांसा देकर 2 साल से लड़की का यौन शोषण करता रहा। 2 साल बीत जाने के बाद अनिल गोप ने दूसरी लड़की से शादी कर ली।

## धनबाद : कतरास में पारिवारिक विवाद में चचेरी बहन को मारी गोली, गंभीर

**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र के भगत मोहल्ला सब्जी पट्टी के समीप 13 जून को पारिवारिक विवाद में एक युवक राहुल गुप्ता ने अपनी चचेरी बहन निशा कुमारी (14 वर्ष) को गोली मार दी। गोली जांघ में लगी है। निशा के परिजन आनन-फानन में उसे शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अस्पताल, धनबाद ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी स्थिति गंभीर है। गोली मारने के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कतरास थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह सदल-बल घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की।

## धनबाद : बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष को पूर्व बियाडा चेयरमैन ने दी बधाई

**धनबाद।** बियाडा के पूर्व चैयरमेन विजय झा ने 13 जून को धनबाद कोर्ट पहुंचकर जिला बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। चुनाव में दोबारा शानदार जीत हासिल करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद उर्फ मुनमुन बाबू, नव निर्वाचित सदस्य ललन गुप्ता, मंडल समाज के सचिव गौतम मंडल, अधिवक्ता नरेंद्र पाण्डेय, नेहा सहाय, विभाष कुमार महतो, हराधन महतो, सुशांत भारद्वाज आदि मौजूद थे।

# पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में आगामी माह 2 जुलाई से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत होगी। अभियान के दौरान नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 4,91,250 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि अभियान के पहले दिन 2535 बूथों पर खुराक दी जाएगी। वहीं 3-4 जुलाई को घर-घर जाकर बच्चों को खुराक दी जाएगी। अभियान में 5 हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जाएगा। 507 सुपरवाइजरों की तैनाती रहेगी। अभियान की रुपरेखा तैयार करने के लिए सदर अस्पताल सभागार में 13 जून को सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में डॉ. अशोक कुमार, डीपीएम प्रतिमा कुमारी समेत स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मिश्रा ने कहा कि यह राष्ट्रीय अभियान है। अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्यकर्मी सजग रहें। जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बगोदर प्रखंड 58586 बच्चों को खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। बेंगाबाद प्रखंड में 37843, बिरनी प्रखंड- 34077, देवरी- 36538, डूमरी- 37307, गांडेय- 34521,गावां- 26945, जमुआ- 52768, धनवार- 33707, सदर प्रखंड- 57124, तिसरी- 12251 और शहरी क्षेत्र में 22936 बच्चे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टाटा स्टील यूआईएसएल (जुस्को) के कॉल सेंटर में नौकरी दिलाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में छोटा गोविंदपुर निवासी रमन कुमार झा ने साइबर थाना में लिखित शिकायत की है। रमन ने शिकायत में बताया कि 15 अप्रैल 2023 को उनके व्हाट्सएप नंबर पर मोबाइल नंबर 9835119034 नंबर के एक मैसेज आया। मैसेज में टाटा स्टील यूआईएसएल में कॉल सेंटर में नौकरी के बारे में जानकारी दी गई थी। उस वक्त व्हाट्सएप के माध्यम से ही बात हुई. बात करने वाले ने अपना नाम आशिष उपाध्याय बताया और कहा कि उनका कंपनी में डेटा इंट्री का काम चलता है इसके लिए उन्हें कुछ कर्मियों की आवश्यकता है जिसके लिए फ्रेशर को भी 11 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। उन्होंने अपने परिचित अमित किशोर मिश्रा और अंकित किशोर मिश्रा से बात करवाई। इसी बीच आशिष ने यूनिफार्म, ट्रेनिंग और बैंक खाता खुलवाने के नाम पर दोनों से तीन-तीन हजार रुपये ले लिए. अब वह अन्य मदों में भी रुपयों की मांग कर रहा है। रुपये लेने के बाद आशिष ने काम नहीं लगवाया। रमन ने उचित जांच की मांग की है।

**विरोध** | हजारीबाग में सफाई कर्मियों ने की हड़ताल

# प्रबंधन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अनुबंध पर काम करने वाले सफाई कर्मियों ने मंगलवार को अचानक हड़ताल कर दिया। साथ ही प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सफाईकर्मियों ने श्रम अधीक्षक को लिखित आवेदन भी दिया। सफाईकर्मी रोशनी देवी ने बताया कि कमांडो सिक्योरिटी एजेंसी के पदाधिकारी नवल सिंह के घर शादी समारोह में हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सफाई कर्मियों को बुलाया गया था। उन्हें वहां सफाई के काम में लगाया गया था। जब सफाई कर्मियों ने इसका विरोध किया तो कमांडो सिक्योरिटी के सुपरवाइजर सुनील सिंह और अजय यादव ने उन लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया। यहां तक कि हाथापाई तक की नौबत आ गई. घटना 11 जून की है। भुक्तभोगी रोशनी देवी ने आवेदन में कहा कि दोनों लोगों ने चप्पल-जूते से मारपीट की और जाति सूचक शब्द का भी उपयोग किया। अस्पताल के सफाई कर्मियों ने यह भी आरोप लगाया है कि मात्र 6000 रुपए उन लोगों को वेतन दिया जाता है। अगर एक दिन भी छुट्टी ली, तो पैसे काट लिए जाते हैं। हाजिरी 26 दिन का कराया जाता है। महीना में एक दिन भी छुट्टी नहीं दी जाती है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 62 सफाई कर्मी अनुबंध पर काम कर रहे हैं सफाईकर्मियों ने बताया कि विरोध करने पर कहा जाता है कि नौकरी से निकाल दिए जाओगे। सफाईकर्मियों ने पर्सनल काम में नहीं लगाने, वेतन में बढ़ोतरी और नए सुपरवाइजर की बहाली की मांग की है। बता दें कि सफाई कर्मी कमांडो सिक्योरिटी के नवल सिंह की बेटी के वैवाहिक समारोह में लगाए जाने से नाराज हुए।

# स्पंज आयरन प्लांट से निकल रहे प्रदूषण के खिलाफ फूटा गुस्सा, दी चेतावनती




नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के औद्योगिक क्षेत्र चतरो स्थित स्पंज आयरन प्लांट गेट के बाहर मंगलवार 13 जून को स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया. फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन देर शाम तक चलता रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि स्पंज आयरन प्लांट से निकल रहे धुआं से भारी पैमाने पर प्रदूषण फैल रहा है। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से बच्चे आए दिन बीमार पड़ रहे हैं। कई बार आंदोलन के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रदूषण कम करने को लेकर कोई पहल नहीं किया। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाले दिनों में अगर हालात नहीं सुधरे तो फैक्ट्री के खिलाफ सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में गादी श्रीरामपुर पंचायत की मुखिया कंचन देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य शुभांकर कुमार, अनिल राय, उपमुखिया रंजीत राय, वार्ड सदस्य कालीचरण सोरेन के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और एक दिवसीय धरना देकर विरोध जताया।

## राज्यपाल ने कोडरमा के स्वावलंबी गांव अरकोसा पुनर्वास में किया ग्रामीणों से संवाद

# सभी मिलकर अपने गांव का विकास करें : सीपी राधा कृष्णन






**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के स्वावलम्बी ग्राम अरकोसा पुनर्वास में मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन ने जनता के साथ संवाद किया। योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ गांव का विकास भी देखा। इस दौरान राज्यपाल को पारंपरिक तरीके से हाथ से बनाया गया टोपी व गुलदस्ता ग्रामीणों ने भेंट किया। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का निरीक्षण करने के साथ मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल अंग्रेजी में संबोधन कर रहे थे और डीसी आदित्य रंजन हिंदी में अनुवाद कर रहे थे। बोले गांव का विकास होगा, तभी आप का विकास संभव है। सभी लोग मिलकर अपने गांव का विकास करें। इसमें किसी भी तरह की जरूरत हुई तो मैं हमेशा आपके लिए तत्पर हूं। राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद मैंने योजना बनाया कि गांव के लोगो को राजभवन तक आना नहीं पड़े। राजभवन खुद गांव तक पहुंचे। स्वावलम्बी ग्राम अरकोसा पुनर्वास के गांव में पहुंचकर राज्यपाल ने वहां चल रही विकास योजनाओं का अवलोकन किया। महिलाओं से आह्वान किया कि आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। क्योंकि, शिक्षा से बढ़कर कोई भी धन नहीं है। राज्यपाल से संवाद के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा जैसी समस्याओं से अवगत कराया तथा कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। कोडरमा विधायक नीरा यादव ने भी कोडरमा की शिक्षा व्यवस्था की चर्चा की। मौके पर लाभुकों के बीच लगभग 3 करोड़ 87 लाख की परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के कार्यक्रम को लेकर सड़क पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सुरक्षा के मद्देनजर डीएसपी के साथ पुलिस अफसर, मजिस्ट्रेट, जवानों को लगाया गया था। साथ ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लगी हुई थी। राज्यपाल सड़क मार्ग से मरकच्चो आए और वापस रांची लौटे। कार्यक्रम में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज सिंह, एसडीओ संदीप मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक, डोमचांच अंचलाधिकारी देवप्रिया सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## शराब बेचने से मना एवं पुलिस को खबर देने का आरोप लगाकर ग्रामीणों की पिटाई, दो घायल



**बोलबा।** प्रखंड के टकबहाल गाँव में देसी शराब का कारोबार करने वाले ग्रामीणों ने दो लोगों के ऊपर पुलिस को सूचना देने एवं शराब बनाने से रोकने का आरोप लगाकर पिटाई कर दी इधर पिटाई के बाद दो लोग घायल हो गये जिसे बोलबा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही दोनों घायलों ने बोलबा पुलिस को आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टाकबहाल गाँव में लम्बे समय से कुछ लोगों द्वारा शराब बिकी कर रहे है । शराब बिक्री बन्द कराने के लिए 9 जून को पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम ग्रामीणों की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से शराब बिक्री नही करने का निर्णय लिया गया ।इसके बाद भी शराब बिक्री जारी रहा । इसी क्रम में बोलबा पुलिस द्वारा गाँव तीन बार शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ विभिन्न बस्तियों में छापामारी किया गया ।छापामारी के दौरान अवैध महुवा शराब एवं महुवा जावा नष्ट किया गया। इधर शराब कारोबारी शंकर नायक,संतोष नायक,संजय नायक,बिमल सिंह, हरिराम नायक, राजेश नायक आदि ने पुलिस को खबर करने एवं शराब बेचने से मना करने का आरोप लगाकर 12 जून की शाम साढ़े छह बजे लाजरस कुल्ला के घर में घुसकर उंसे एवं पास्कल कुल्ला एवं इस्त्राइल कुल्ला को लाठी -डंडे से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बोलबा अस्पताल लाया गया । वहीं शराब बिक्री से अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है । इस मौके पर जनप्रतिनिधि सहित 115 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर करवाई की माँग करते हुए बोलबा थाना में आवेदन सौंपा है ।

## लापरवाही से वाहन चलाने मामले में एसडीजेएम की अदालत ने सुनाई 2 वर्ष की सजा

**सिमडेगा।** लापरवाही से वाहन चलाने मामले में एसडीजेएम मनजीत कुमार साहू की अदालत ने मंगलवार को एक व्यक्ति को 2 वर्ष की सजा एवं 10000 का जुमार्ना सुनाई है। जुमार्ना नहीं भरने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा का प्रावधान बताया। इस संबंध में कुरडेग थाना 01/20 दिनांक 11 फरवरी 2020 के तहत मामला दर्ज है इस मामले में कुरडेग के करमडीह गांव निवासी कृष्णा कुमार साहू ने झिरका मुंडा निवासी मीर नवाज हुसैन के विरोध थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था उन्होंने बताया था कि 10 फरवरी 2020 को शाम में उसकी 3 साल की बेटी माही गुप्ता को बोलेरो पिकअप चालक मीर नवाज हुसैन के द्वारा तेजी और लापरवाही से वाहन चलाकर धक्का मार दिया था जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई थी इधर इस मामले में अदालत के समक्ष साक्ष एवं 6 गवाहों की बयान दिलाई गई जिसके आधार पर एसडीजेएम मनजीत कुमार साहू की अदालत ने मीर नवाज हुसैन को दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास एवं ?10000 की जुमार्ना की सजा सुनाई। इधर तमाम साक्ष्य एवं दलीलें प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा पेश की गई।

## दूषित पानी पीने को विवश तयोरदा गांव के ग्रामीण

**आलोक कु साहू**

**जलडेगा।** प्रखण्ड के कई गांव पेयजल समस्या से जुझ रहे हैं। कहीं कुआं सुख गया है, तो कहीं जलमीनर स्थापन के नाम चापाकल उखाड़ दिया गया है तो कहीं पेजयल आपुर्ती के नाम पानी बह रहा है। और इस बिषम परिस्थिति अधिकारी अपने कुर्सी में जमें हुए पीएचडी प्रखण्ड जेई जिले से अपना डियूटी निभा रहे है। समस्या को देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। प्रखण्ड के लमडेगा पंचायत अंतर्गत तोयोरदा निवासी ग्रामीण आज भी साफ पानी को मोहताज हैं। गांव में न ही चापाकल है न ही जलमीनार है और न ही किसी योजना के तहत अच्छे कुएँ का निर्माण हुआ है नतीजा यह है कि तोयोरदा निवासी बुजुर्गों द्वारा बनाये गए कुएं



जिसका पानी पूरी तरह से गंदा है उसे पीने को विवश हैं। भारी गर्मी के बीच एकमात्र कुँआ भी सूखने के कगार पर है। तयोरदा निवासी हाबिल तोपनो, सुरशेन तोपनो, मरियम तोपनो, जुलियानी तोपनो, सुमंती तोपनो ने कहा कि ऐसे दूषित पानी को बच्चों को पिलाने में बहुत डर लगता है कि कहीं बच्चे बीमार न हो जाएं। इस समस्या को लेकर कई बार मुखिया ओर अधिकारियों को आवेदन दिया गया है किंतु किसी ने समाधान नही किया सभी जनप्रतिनिधि सिर्फ वोट मांगने आते हैं हमारी चिंता किसी को नही है। ग्रामीणों ने कहा की गांव के ऊपर में भी एक कुँआ है लेकिन वो भी पूरी तरह से सुख चुका है अब एकमात्र यही कुँआ है किंतु ये भी सूखने के कगार पर है अगर ये भी सुख गया तो ग्रामीणों के साथ साथ जानवरों को भी काफी परेशानी उत्पन्न होगी।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति द्वारा तेली छात्रावास, हरिजन टोली, सिमडेगा में विश्व रक्तदाता दिवस के पहले रक्तदान शिविर का आयोजन किया । जिसमें पुलिस अधिक्षक सौरभ एवं उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान दीपक कुमार गुप्ता, सत्यनारायण मेहर, मनोज कुमार, सिकंदर साहु, मनीष कुमार, अशोक महतो, रामविलास राणा, नितेश कुमार, रवि वर्मा, रन्थू साहु, हितेंद्र कुमार, सुभाष कुमार और जगरनाथ साहु सहित एक महिला रक्तदाता पुष्पा साहु, सभी ने मिलकर कुल 14 यूनिट रक्तदान किया। दोनों मुख्य अतिथियों एवं आयोजन समिति के पदधारियों ने सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर आभार प्रकट किया। एसपी एवं डीडीसी ने कहा कि इसी प्रकार का रक्तदान शिविर का आयोजन लगातार सभी लोगों को प्रयास करने चाहिए ताकि सिमडेगा जिले में रक्त की जो कमी है। उसे पूरा किया जा सके उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है इसलिए सभी लोगों को प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के क्षेत्र में अग्रसर रहें।मौके पर शांति भवन मेडिकल सेंटर, बीरु के डॉक्टर हरि बाबू जंगला के सफल नेतृत्व में बीरु हॉस्पिटल के ग्लैडविन दास एवं सदर अस्पताल, सिमडेगा क रीना तिग्गा ने अपनी अपनी टीम के साथ रक्त संग्रह किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला सदस्य सीता देवी, तुलसी देवी, इन्दुमति देवी सहित राम कैलाश राम, रन्थू साहु, नरेश अग्रवाल, कुंवर गोप आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धानंद बेसरा ने किया केरसई प्रखंड का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने केरसई प्रखंड के करैगुड़ा करमटोली बीच बस्ती स्कूल बस्ती डोमरा बांध अम्बा डिपा सहित आधा दर्जन गांव का तूफानी दौरा कर आम जनता से मिल उनके समस्याओं को जाना ग्रामीणों ने बताया की इन गांवों में आजादी के 70 सालों बाद भी बिजली नहीं है और अभी विधि भी युग में जीने को मजबूर है वहीं पेयजल के लिए कोई सुविधा नहीं है 2 किलोमीटर दूर झरिया गुफा के जल स्त्रोत से पानी ला कर अपना जीवन यापन करते हैं करम टोली में एक जल मीनार लगा हुआ है पर वो किसी काम का नहीं क्योंकि उसे सूखा कुआं में कनेक्ट कर दिया गया है हर घर जल नल योजना भी यहां फेल है, प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना घर घर नल योजना और उज्ज्वला योजना का लाभ भी यहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्र लिखकर इन सभी समस्याओं की समाधान का आग्रह किया है।

## बसपा की बैठक में कई बातों पर चर्चा

**झुमरी तिलैया।** साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया कोडरमा में बहुजन समाज पार्टी जिला कोडरमा इकाई का बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य प्रभारी मान्यवर सतीश बौद्ध एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार दास जी उपस्थित हुए और मुख्य अतिथि मान्यवर सतीश बौद्ध ने कहा की कोडरमा जिले में बहुजन समाज पार्टी बहुजन समाज का निर्माण करने के लिए वचनबद्ध है और बहुजन समाज का राज बहुत ही जल्द आएगा इसी क्रम में कोडरमा जिला कमेटी बनाया गया जिसमें पुनः 5वी बार जिला अध्यक्ष प्रकाश अम्बेडकर बनाया गया ।जिला उपाध्यक्ष मनोज बौद्ध जिला महासचिव गौतम दास जिला सचिव कुलदीप दास जिला प्रभारी मनोज कुमार दास एवं बाबूलाल दास जिला सदस्य बतौर शत्रुघ्न दास धर्मदेव रविदास गणपत दास जितेंद्र दास प्रकाश तूरी एवं बामसेफ जिला प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार एवं उमेश दास को बनाया गया।

## विश्व रक्तदान दिवस आज

**सिमडेगा।** विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा में आज विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सदर अस्पताल सिमडेगा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ राजेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर आप सभी सदर अस्पताल पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जरूर शामिल हो ताकि जिले में रक्त की कमी को पूरा किया जा सके।उन्होंने रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। सभी दानों में रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। ब्लड बैंक.. में रक्त की आवश्यकता की निरंतर पूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह होना जरूरी है।उन्होंने कहा है कि हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत पूरी दुनिया द्वारा रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति भ्रांतियां दूर कर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। कहा कि आज भी कई देशों में आकस्मिक परिस्थितियों में लोगों को सरलता से रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता है। कहा कि रक्तदान महादान के महत्व को जन-जन समझें। रक्त देने में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता । रक्त देना जीवन रक्षा और पुण्य का काम है।।

## बोलबा केसीसी ऋण शिविर का आयोजन

**बोलबा।** प्रखण्ड कार्यालय में केसीसी ऋण शिविर का किया गया आयोजन । इस मौके पर जिला के आदेशानुसार सभी प्रखण्डों में पीएम किसान के तहत केसीसी किसान क्रेडीट कार्ड बोलबा प्रखण्ड प्रांगण में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी किसानों को बताया गया कि समय पर ऋण लेकर खेती से मुनाफा कर ऋण चुकता भी करना अनिवार्य है। बताया गया कि केसीसी ऋण ही कम ब्याज पर त्रण उपलब्ध कराता है।इसका सभी किसान लाभ उठाये।इस मौके पर किसान धनेश्वर सिंह, के साथ बैंक आफ इंडिया बोलबा में100 किसान का के सी सी त्रण व कापरेटिव बैंक बोलवा में 7 किसान का फार्म भरा गया।दोनों बैंक के मैनेजर , के साथ पंचायत सचिव कारलुस जी, अंचल निरीक्षक पासवान ,आत्मा के एटीएम,बीटीएम के अलावे कर्मी उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल ले जाते दिनदहाड़े कार की चोरी

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल पार्किंग से दिनदहाड़े डीआरसीएचओ की कार की चोरी मामले में मंगलवार को सिमडेगा सिविल सर्जन के द्वारा सदर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है इस संदर्भ में सिमडेगा थाना में सिमडेगा थाना कांड संख्या 60/23 धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने बताया कि रविवार को दोपहर 3:00 बजे सदर अस्पताल के पार्किंग शेड से अज्ञात चोर के द्वारा गाड़ी को चोरी कर लिया गया। इधर मामले की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इधर थाना प्रभारी जय गोविंद गुप्ता ने बताया है कि मामले की सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है और जल्द ही इस मामले में शामिल चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद शहर में चर्चा का विषय है कि दिनदहाड़े सदर अस्पताल से गाड़ी की चोरी होना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करता है ।बताया गया कि सदर अस्पताल सिमडेगा के मुख्य गेट में सीसीटीवी नहीं है जिसकी वजह से चोरी की घटना में कौन शामिल है इसकी भी जानकारी नहीं मिल पा रही फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पुलिस पीसीआर ड्राइवर को सीजेएम की अदालत ने सुनाई 9 माह की सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा सीजेएम आनंद मणि त्रिपाठी की अदालत ने मंगलवार को लापरवाही से वाहन चलाने वाले पीसीआर ड्राइवर राजकुमार राम को 9 महीने की सजा एवं ?1000 की जुमार्ना लगाया है जुमार्ना की राशि नहीं भरने पर 15 दिन अतिरिक्त सजा के प्रावधान बताया। इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 125/17 के तहत मामला दर्ज है। इस संबंध में बताया गया कि 24 नवंबर 2017 को सीतामढ़ी निवासी संतोष प्रसाद के द्वारा सिमडेगा थाना में आवेदन देते हुए पीसीआर चालक राजकुमार राम के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था और उन्होंने बताया था कि 6 अक्टूबर 2017 को फल बेच रहा था इसी दौरान पीसीआर वाहन के चालक के द्वारा तेजी और लापरवाही से वाहन चलाकर संतोष प्रसाद के ठेला को धक्का मार दिया जिससे वह घायल हो गया ।इधर मामला दर्ज होने के बाद एसडीजीएम के अदालत में कुल 8 गवाहों की पेशी कराई गई एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए गए जिसके आधार पर सीजेएम आनंद मणि त्रिपाठी की अदालत ने राजकुमार राम को दोषी पाते हुए 9 माह का सजा एवं ?1000 की जुमार्ना की राशि सुनाइ। इधर तमाम साक्ष्य एवं दलीले प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा न्यायालय में पेश की गई।

## मयूमं की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वावधान में श्री अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान से दूसरों को मिलती है जिंदगी : डॉ नरेश पंडित

**नवीन मेल संवाददाता**

झुमरी तिलैया । मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को श्री अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन छाबड़ा, आईएमएके सचिव डॉ नरेश पंडित, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ आरके दीपक, सह चेयरमैन डॉ सुजीत राज , सचिव सुरेश पिलानिया सदस्य अरविंद सेठ , अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गोपीकृष्ण अग्रवाल सचिव हिमांशु केडिया , सह सचिव अरविंद चौधरी , कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार बंसल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर आईएमएके सचिव डॉ नरेश पंडित ने कहा कि रक्तदान से दूसरों को जिंदगी मिलती है और प्रत्येक मनुष्य को साल में कम से कम 3 से 4 बार रक्तदान करना चाहिए । जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन छाबड़ा ने कहा कि दान तो लोग बहुत करते हैं , लेकिन जो दूसरों की जिंदगी बचा है वह महादान है। प्रेरणा शाखा के लिए यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा और आधी आबादी जिस तरह से रक्तदान में आगे आ रही है । उस तरह पुरुषों को भी अपनी सहभागिता समय-समय पर दिखानी चाहिए। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ आरके दीपक ने कहा कि एक यूनिट खून से 3 लोगों की जिंदगी बचती है । रक्त दान करने से नए खून आने से शरीर में ताजगी आती है । सह चेयरमैन डॉ सुजीत राज ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता है बल्कि इंसान ही रक्त को दान कर सकता है । इसलिए रक्त दान करना चाहिए। सचिव सुरेश पिलानिया ने



कहा कि प्रेरणा शाखा समय-समय पर इस तरह का कार्य कैंप लगाती है जो सराहनीय है। मौके पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश समाज सेवा है और समय-समय आधी आबादी समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है । सचिव सारिका लड्ढा और परियोजना निदेशक शैलजा केडिया ने कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के जीवन के लिए वरदान साबित होता सकता है इसलिए इंसान को रक्त दान करना चाहिए । मारवाड़ी युवा मंच की राष्ट्रीय रक्तदान नेहा पटवारी ने ऑनलाइन अपने संबोधन में कहा कि मारवाड़ी युवा मंच 11 से 25 जून तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम चला रहा है। इसमें देश भर से 21 हजार यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें उड़ीसा से 11 हजार 111 , झारखंड में 75 कैंप के जरिए 4 हजार यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है। प्रेरणा शाखा तिलैया के द्वारा आयोजित कार्यक्रम भी इसकी एक कड़ी है। मौके पर टेक्नीशियन अमित कुमार , ड्रेसर सूरज कुमार , नेहा जैन , नेहा हिसारिया , ज्योति अग्रवाल , अंकिता गोयल आंचल लड्ढा, सीए गुंजन अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल , शेखर शर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे। विश्व रक्तदान दिवस को लेकर प्रेरणा शाखा के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 3 महिला सहित 15 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान करने वालों में ज्योति अग्रवाल, शैलजा केडिया, श्रेया केडिया, रोहित लोहिया, चिराग हिसारिया, शुभम अग्रवाल, सन्नी कुमार, राहुल मोदी, तौसित आर्या, शैलेश दारुका, श्रेयांश जैन, संतोष लड्ढा, वत्सल कंदोई, विमल हिसारिया, बिरेंद्र सिंह का नाम शामिल हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### ओडिशा सरकार ने कर्मचारियों के डीए 4 फीसदी बढ़ाए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह 1 जनवरी से लागू होगा। ताजा बढ़ोतरी के साथ, सरकारी कर्मचारियों का डीए 38 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है। कर्मचारियों को चालू माह के वेतन (जून) में बढ़ा हुआ डीए नकद में मिलेगा।

सरकार ने पेंशनभोगियों को भी महंगाई राहत में 4 फीसदी की बढ़ोतरी की है। उन्हें चालू माह की पेंशन में बढ़ी हुई राहत भी मिलेगी। इस कदम से सभी नियमित कर्मचारी और पेंशनभोगी, जिनकी संख्या राज्य में 7.5 लाख है, लाभान्वित होंगे।

### सड़क हादसे में चार नाबालिग लड़कों की मौत

**रायपुर /कोरबा।** अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 पर बीती देररात सड़क हादसे में चार नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। चैतमा बस स्टैंड ओवरब्रिज के पास सामने से आ रहे मिक्सर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल सवार चारों लड़कों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

टक्कर मारने वाला वाहन दिलीप बिल्डकॉन कंपनी का बताया जा रहा है। सिर में गंभीर चोट लगने से युवकों की जान गई है। चारों चैतमा के रहने वाले हैं। पुलिस आरोपित चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। हादसे के बाद से आसपास के लोगों ने चक्काजाम कर दिया और मृतक परिवार के लिए मुआवजे की मांग की।

### शादी समारोह से लौट रही जीप अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौत, 10 घायल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन होने वाले सड़क हादसों में लोग असमय काल के गाल में समां रहे हैं। मंगलवार सुबह जबलपुर में एक ऐसे ही सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गये। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार मुहास से कुछ लोग शादी समारोह में शामिल होने सागर गये थे। मंगलवार सुबह सभी जीप में सवार होकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान गढ़ा रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब साढ़े आठ बजे जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए है। लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों को इलाज जारी है। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मुख्यमंत्री बाल उदय योजना पर राज्य स्तरीय कार्यशाला 14 जून को

**रायपुर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से 14 जून को सुबह 11 बजे से रायपुर लाभांडी स्थित एक निजी होटल में मुख्यमंत्री बाल उदय योजना पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक भी शामिल होंगी। कार्यशाला में मुख्यमंत्री बाल उदय योजना के संबंध में जानकारी देने के साथ उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण संबंधित जानकारी देने के साथ योजना से संबंधित प्रारूपों और दस्तावेजीकरण पर चर्चा होगी और साथ ही योजना से संबंधित प्रश्नों और जिज्ञासाओं का निराकरण भी किया जाएगा।

## किसान कल्याण महाकुंभ का आयोजन

# केन्द्र सरकार को है किसानों की चिंता : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। भोपाल**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसान अन्नदाता ही नहीं, भारत का भाग्य विधाता भी है। किसान के बेटों ने सीमाओं की रक्षा की है। भारत को ताकतवर बनाने के लिए किसानों को ताकतवर बनाना होगा। चाहे स्वतंत्रता की लड़ाई हो, वर्ष 1857 का संग्राम हो, चम्पारण का सत्याग्रह हो या गुजरात के बारडोली का आंदोलन, किसानों ने अंग्रेजों की चूल्हें हिला दी थीं। आज मध्यप्रदेश में इस किसान-कल्याण महाकुंभ में किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति हर्षित करने वाली है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में विकास और किसान, गरीब, बेटियों आदि सभी के लिये करिश्माई कार्य कर रहे हैं। वे जनता के लिये तहे दिल से कार्य कर रहे हैं। जनता उन्हें कितना अधिक प्यार करती है, यह आज मैं देख रहा हूँ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को राजगढ़ जिले में




किसान-कल्याण महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री सिंह और मुख्यमंत्री चौहान ने सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 में 11 लाख किसानों के खाते में 2 हजार 123 करोड़ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 44 लाख 49 हजार किसान के खाते में 2 हजार 900 करोड़, मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 70 लाख 61 हजार किसान के खाते में एक हजार 400 करोड़, इस प्रकार 6 हजार 423 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। कार्यक्रम में किसानों के साथ ही बड़ी संख्या में बहनें एवं बेटियाँ एकत्र हुईं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अब कमजोर देश नहीं है। किसी भी देश की हिम्मत नहीं कि आँख उठाकर हमारी ओर देखे। भारत के लोगों का विश्वास वसुधैव कुटुम्बकम में है। विश्व की धरा पर रहने वाले सभी लोगों को हम अपना मानते हैं। भारत किसी भी देश पर आक्रमण नहीं करता, यह हमारा चरित्र है। हम किसी को नहीं छेड़ेंगे, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा, तो हम भी छोड़ेंगे नहीं। भारत इस पार नहीं, उस पार जाकर भी आतंकवादियों और हमलावरों को सबक सिखा सकता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक के फैसले से जग-जाहिर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सेना में महत्व दिया जा रहा है। अब वे बड़ी संख्या में न सिर्फ सेना में आ रही हैं, बल्कि नेतृत्व के लिए भी तैयार हुई हैं। प्रमुख नौसेना युद्धपोत की प्रमुख भी महिला है। नए भारत के निर्माण में बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री मोदी ने बहनों की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि किसान-कल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री चौहान ने करिश्माई कार्य किया है। उन्हें स्मरण है कि जब वे कई वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के निमंत्रण पर किसान सम्मेलन में मध्यप्रदेश आए थे, तब किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, जिसे उन्होंने शून्य प्रतिशत तक लाने का कार्य किया। उन्होंने किसानों के हित में एक नहीं अनेक कदम उठाए हैं। यह उनके संवेदनशील होने का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी की तरह मुख्यमंत्री चौहान भी जन-कल्याण के लिए करिश्माई नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। राजगढ़ की इस सभा में मौजूद विशाल जन-समुदाय भी इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री चौहान ने जनता की काफी सेवा की है। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता, जीवनदाता और भाग्य-विधाता हैं। किसानों को मजबूत बनाए बिना हमारा देश विकास नहीं कर सकता।

## सतपुड़ा अग्नि कांड की जांच 3 दिन में : नरोत्तम

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित सतपुड़ा भवन में लगी आग की जांच के लिए बनाई गई उच्चस्तरीय जांच समिति तीन दिन में अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। साथ ही सरकार की ओर से दावा किया गया है कि जो दस्तावेज जले हैं उनका विवरण डिजिटल फॉर्म में भी उपलब्ध है। सतपुड़ा भवन में सोमवार की दोपहर को आग लगी थी और उस पर काबू पा लिया गया है, वहीं सरकार इस मामले में गंभीर है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले में मंगलवार को अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि अग्नि कांड की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई गई है जो तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी।

आग लगने की इस घटना में बड़ी मात्रा में दस्तावेजों के जलने की बात सामने आ रही है और सवाल भी उठ रहे हैं जिसका जवाब देते हुए मिश्रा ने कहा कि जो दस्तावेज जले हैं उनका विवरण डिजिटल रूप में उपलब्ध है, हां कुछ ज्यादा मेहनत करनी होगी। जहां तक केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की बात है उनका डाटा यहां से लेकर दिल्ली तक उपलब्ध होता है। कांग्रेस द्वारा लगाए जाए आ रहे आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कांग्रेस आपदा के समय सहायता के लिए तो होती नहीं है बल्कि अवसर तलाशने की कोशिश में लगी रहती है। वहीं दूसरी ओर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा के नेतृत्व में अधिकारी सतपुड़ा भवन पहुंचे और उन्होंने पूरी स्थिति का जायजा लिया। वे पत्रकारों के एक सवाल पर नाराज हो गए और उन्होंने कहा कि अभी तो जांच शुरू हुई ही नहीं है और आप लोग अनुमान की बात करने लगे हैं।

भोपाल के जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि आग पूरी तरह काबू मे है, कुछ स्थानों पर हीट है, उसे कम किया जा रहा है, साथ ही अलमारी में दस्तावेजों की खोज हो रही है। हेलीकॉप्टर आदि की जरुरत ही नहीं पड़ी, इसलिए नहीं आए।

## बंगाल सरकार ने राज्यपाल द्वारा नियुक्त कुलपतियों का वेतन रोका

**एजेंसी। कोलकता**

पश्चिम बंगाल के 10 विश्वविद्यालयों में राज्यपाल सह कुलाधिपति डॉ सीवी आनंद बोस की ओर से कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार और राजभवन के बीच टकराव और बढ़ गया है। इन सभी कुलपतियों का वेतन रोकने का निर्देश राज्य सरकार ने जारी किया। इसे लेकर रजिस्ट्रार को एक पत्र उच्च शिक्षा विभाग की ओर से भेजा गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि राज्य शिक्षा विभाग से मशविरा किए बगैर इन कुलपतियों की नियुक्ति का एकतरफा फैसला लिया गया है। यह पूरी तरह से अवैध है इसलिए इन नवनियुक्त कुलपतियों का वेतन रोका गया है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने 11 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की थी।

इनमें से एक कुलपति ने पदभार ग्रहण करने से मना कर दिया था जबकि बाकी ने कार्यभार संभाल लिया है। वर्तमान नियमानुसार कुलाधिपति को ही कुलपति नियुक्त करने का अधिकार है लेकिन राज्य सरकार ने एक अध्यादेश जारी कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कुलाधिपति की जगह नियुक्त करने का फैसला किया है और कुलपतियों की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी बनाने की घोषणा की है। इसमें मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि को भी शामिल करने को कहा गया है। हालांकि राजभवन से उसकी सहमति नहीं मिलने की वजह से पुराना नियम लागू है लेकिन उसी नियम के मुताबिक कुलपतियों की नियुक्ति के बाद सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल भारत का पहला ऐसा राज्य है जहां सबसे अधिक विश्वविद्यालय में कुलपति नहीं हैं।

## कैबिनेट : एमएलए-एमएलसी के फंड बढ़ाए जाने समेत कुल 12 एजेंडों पर मुहर

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई बैठक में विधायकों-विधानपरिषदों के फंड बढ़ाये जाने समेत कुल 12 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि विधायकों-विधान पार्षदों को हर साल मिलने वाले फंड में बढ़ोतरी कर दी गई है। अब सभी विधायक हर साल चार करोड़ रुपये की योजनाओं की अनुशंसा कर सकेंगे। अब तक सभी विधायक-विधान पार्षद तीन करोड़



तक की योजनाओं की अनुशंसा करते थे। नीतीश सरकार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से प्रति विधान मंडल सदस्य हर साल तीन करोड़ की सीमा तक योजनाओं की अनुशंसा करते थे लेकिन निर्माण सामग्री में बढ़ोतरी की वजह से पूर्व के प्रावधान में बदलाव किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रति विधानमंडल सदस्य हर साल चार करोड़ रुपये की सीमा तक योजनाओं की अनुशंसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज को 2500 बेड का बनाया जाएगा। पूर्व से चार सौ बेड के सर्जिकल ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। शेष 2100 बेड के भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 2546 करोड़ 41 लाख रुपये खर्च होंगे। इस राशि से भवन निर्माण के साथ-साथ उपकरणों की खरीद एवं 5 साल तक के लिए रख-रखाव होगा। कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि दक्षिण-उत्तर बिहार के कुल 61 किलोमीटर सड़क निर्माण को लेकर 234 करोड़ तीस लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। राजगीर में लगने वाले मलमास मेले के लिए 22 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। बिहार आकस्मिकता निधि से पैसा खर्च होगा। वाणिज्य कर विभाग के 9 बड़े अंचल के विभाजन की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग का नाम बदला गया है।

## भाजपा नेताओं को झूठ बोलने की ट्रेनिंग: भूपेश

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला बोला है और उन्होंने कहा है कि भाजपा नेताओं को सिर्फ झूठ बोलने की प्रैक्टिस और ट्रेनिंग है। राज्य में धान खरीदी को लेकर सियासत गर्म है। विपक्षी दल भाजपा और सत्ताधारी दल कांग्रेस की ओर से एक दूसरे पर बार पलटवार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा के नेताओं को झूठ बोलने की प्रैक्टिस है और यही सीख कर आए हैं। एक झूठ को सौ बार बोलो तो सच महसूस होता है लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता जानती है कि यदि केंद्र सरकार



राशि देती तो रमन सिंह 10 क्विंटल धान क्यों खरीदते। केंद्र फसल खरीदती है कहां, हरियाणा पंजाब में, जो एफएससीआई खरीदती है। उन्होंने आगे कहा के एफसीआई के माध्यम से केंद्र धान की खरीदी कर लेता तो तीन साल पहले हमको धान की नीलामी क्यों करना पड़ती राज्य सरकार ने दो हजार-उन्नीस सौ का रेट तय किया था और हमने 1300-1400 रुपये में बेचा तो जो अंतर का पैसा आया क्या केंद्र सरकार ने पैसा दिया? भारत सरकार ने नहीं दिया। घाटा तो राज्य सरकार ने उठाया। आप चावल खरीदो न खरीदो, हम किसानों का धान खरीदना बंद नहीं करेंगे। चावल केवल भारत सरकार नहीं खरीदती राज्य सरकार भी खरीदती है नागरिक आपूर्ति विभाग में जो चावल आता है वह किसका है राज्य का है। भूपेश बघेल ने आगे कहा कि भाजपा नेताओं को प्रैक्टिस और ट्रेनिग सिर्फ झूठ बोलने की है, उनको लगता है कि एक झूठ को सौ बार बोलने से जनता उसे सच मान लेगी। हिमाचल और कर्नाटक का सबक अभी समझ नहीं आया है उनको।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में एक परिवार को 35 किलो चावल दिया जा रहा है जबकि केंद्र पांच किलो ही चावल देती है। राज्य सरकार इस पर पांच हजार करोड रुपए अब तक खर्च कर चुकी है। राज्य के मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा था कि राज्य सरकार की धान खरीदी सबसे बड़ी योजना है। धान खरीदी के लिए राज्य सरकार हर साल 20 से 25 हजार करोड रुपए का ऋण लेती है। इसके जवाब में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि धान खरीदी के मामले में मोहम्मद अकबर ने जो कहा है वह निराधार है। सरकार का दोहरा चरित्र बताता है।

### माकपा प्रत्याशी की सड़क दुर्घटना में मौत

कूचबिहार। डंपर की चपेट में आने से माकपा उम्मीदवार की मौत हो गयी। घटना मंगलवार को बौदिया बाजार इलाके के माथाभांगा-शीतलकुची मार्ग पर हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम आयशा बीबी (45) है। वह खालीसामारी गांव से माकपा की उम्मीदवार थी। आयशा बीबी अपने बेटे आजाद मियां के साथ नामांकन पत्र जमा करने के लिए बाइक से शीतलकुची बीडीओ कार्यालय गई थी। नामांकन पत्र जमा करने के बाद घर वापस लौट रही थी। तभी बौदिया बाजार क्षेत्र में एक डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे मां-बेटा दोनों सड़क पर गिर पड़े। हेलमेट होने के कारण युवक बच गया। वहीं, सिर में चोट लगने से बीबी की मौके पर ही मौत हो गई।

## प्रियंका की दी गई गारंटी पर कांग्रेस में मंथन

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान का कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा श्रीगणेश किए जाने के साथ दी गई पांच गारंटी पर कांग्रेस की राज्य इकाई ने मंथन शुरू कर दिया है। मंगलवार को हुई विधानसभा चुनाव 2023 वचन पत्र कमेटी की बैठक में विचार किया गया। कांग्रेस की महासचिव सोमवार को जबलपुर प्रवास पर थी और वहां जनसभा में उन्होंने पांच गारंटी दे देते हुए उन्हें लागू कराने का वादा किया था। उन्होंने महिलाओं को प्रति माह 15 सौ रुपये प्रति माह और 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाने की गारंटी दी। साथ ही कहा 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ और 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ। किसान कर्ज माफी जारी रहेगी और पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रियंका गांधी के ऐलान के बाद मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में उनके आवास पर विधानसभा चुनाव 2023 वचन पत्र कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी,वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**राजनीति** दरभंगा एम्स निर्माण पर एक बार फिर ग्रहण लगता हुआ दिख रहा है।

# केंद्र व राज्य सरकार भूमि को लेकर आमने-सामने

**एजेंसी। पटना**

बिहार के दरभंगा में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) निर्माण को फिर से एकबार ग्रहण लगता दिख रहा है। निर्माण होने वाली भूमि को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार आमने -सामने दिख रही है। बताया जाता है कि बिहार सरकार ने दरभंगा के जिस शोभन क्षेत्र में एम्स निर्माण के लिए करीब 150 एकड़ भूमि दी है, उसे केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया है।

इसके बाद भले दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी प्रारंभ हो गई है, लेकिन लोगों को दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दावा है कि शोभन के पास एम्स निर्माण के लिए जो भूमि



आवंटित की गई है वह पूरी तरह उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि फिलहाल जो वहां दो लेन का रास्ता है उसे चार लेन का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जगह पढ़ाई के लिए अच्छी हो जाएगी और बाहर से यहां आनेवालों को भी काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इससे शहर को भी फैलाव मिलेगा।

इधर, बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का कहना है कि नीतीश कुमार के अहंकार और महागठबंधन सरकार में राजद-जदयू के बीच खींचतान के चलते उत्तर बिहार के लाखों लोग 2000 करोड़ रुपये से बनने वाले दरभंगा कहा कि दरभंगा में एम्स बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं मिले, इसलिए पहले दो साल तक तो मुख्यमंत्री इस बात अड़े रहे कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) को ही अपग्रेड कर एम्स बना दिया जाए। बाद में बिहार सरकार दरभंगा एम्स के लिए डीएमसीएच परिसर में ही 150 एकड़ जमीन देने पर राजी हो गई। 82 एकड़ जमीन आवंटित भी कर दी गई थी। इस बीच, लालू प्रसाद के नजदीकी भोला यादव ने अशोक पेपर मिल (हायाघाट) की जमीन पर एम्स बनने की घोषणा कर दी, तब इसके जवाब में जदयू के लोग शोभन में एम्स बनवाने के लिए सक्रिय हुए। मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार के इशारे पर मधेपुरा के दिनेशचंद्र यादव सहित दो दर्जन जदयू सांसदों ने केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनवाने की मांग कर दी। उन्होंने कहा कि बाद में जदयू के दबाव में बिहार सरकार ने शोभन में जो 151 भूमि आवंटित की, वह एम्स भवन के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि शोभन की 20-30 फीट गड्ढे और जल-जमाव वाली जमीन का निरीक्षण करने बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इसे अस्वीकार कर दिया और कोई दूसरी भूमि आवंटित करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि बिहार की राजधानी पटना में पहले से एम्स है। दरभंगा में दूसरा एम्स बनना है।

### छत्तीसगढ़ का मानसून सत्र 18 से 21 जुलाई तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ का मानसून सत्र 18 से 21 जुलाई के बीच होगा। ये 5वीं विधानसभा का 17वां सत्र होगा। चुनावी साल में मानसून सत्र होने जा रहा है। राज्यपाल हरिचंदन विश्वभूषण ने इसकी मंजूरी दे दी है।विधानसभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की पंचम विधानसभा का 17 वां सत्र मंगलवार 18 जुलाई से शुरू होगा ।यह 21 जुलाई तक चलेगा।इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी।इस सत्र में वित्तीय कार्य के साथ ही अन्य शासकीय कार्य संपादित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। जिसमें कुछ अहम घोषणाओं की उम्मीद है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पूरे कार्यकाल में कोई भी सत्र तय समय तक नहीं चला पहले ही समाप्त कर दिया गया। इस बार कम से कम 10 दिन का सत्र होना जरूरी है।

